# छिन्दवाड़ा जिले की 3,12,659 लाड़ली बहनों के खातों में पहुंची सीधे राशि






## महाशिवरात्रि पूर्व लाड़ली बहनों को मिले 1500-1500 रुपए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खण्डवा जिले के पंधाना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना की 33वीं किस्त का अंतरण किया। इस अवसर पर प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई। वहीं छिंदवाड़ा जिले की 3,12,659 लाड़ली बहनों को 1500-1500 रूपये महाशिवरात्रि पूर्व 45.50 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया जिससे पूजा अर्चना कर सकेंगी। इसी कड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बृजेश कुमार शिवहरे और शहरी क्षेत्र की लाड़ली बहना हितग्राहियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में खण्डवा जिले से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा एवं सुना गया। इसके अलावा जिले की परियोजनाओं एवं आंगनबाड़ियों में भी लाड़ली बहना हितग्राहियों को जोड़कर कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से दिखाया।

# आईटीआई पाण्ढुर्णा से रेलवे तक हरेश बालपांडे की प्रेरक सफलता

## दृढ़ संकल्प और तकनीकी दक्षता से सहायक लोको पायलट पद पर हुआ चयन



**पाण्ढुर्णा, देशबन्धु।** सपनों को साकार करने के लिए यदि दृढ़ संकल्प, तकनीकी ज्ञान और निरंतर परिश्रम हो, तो सफलता अवश्य मिलती है। इस कथन को चरितार्थ किया है शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई.टी.आई.) पांढुर्णा के पूर्व प्रशिक्षु हरेश बालपांडे ने, जिनका चयन दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद मंडल में सहायक लोको पायलट असिस्टेंट लोकों पायलट के पद पर हुआ है।

हरेश बालपांडे ने आई.टी.आई. पांढुर्णा से इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक ट्रेड (सत्र 2014-2016) में प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं वर्ष 2016 में सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया। प्रशिक्षण के दौरान अर्जित तकनीकी दक्षता, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर उन्होंने रेलवे भर्ती बोर्ड आर.आर.बी. की कठिन चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त की। यह उपलब्धि उनके समर्पण और सतत प्रयासों का प्रतिफल है।

दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा जारी आदेश के अनुसार हरेश बालपांडे को 7वें वेतन आयोग के अंतर्गत लेवल- 2 में सहायक लोको पायलट के पद पर अस्थायी नियुक्ति प्रदान की गई है। उनकी जॉइनिंग दिनांक 05 मार्च 2026 निर्धारित की गई है, जो उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण क्षण है।

हरेश बालपांडे पिता वासुदेव बालपांडे एवं माता श्रीमती संगीता बालपांडे, निवासी तिलक वार्ड, तहसील पांढुर्णा हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार, बल्कि आई.टी.आई. पांढुर्णा के प्रशिक्षकों एवं समस्त स्टाफ में भी हर्ष और गर्व का वातावरण है।

संस्था के प्राचार्य ज्ञानदेव तलमले एवं स्टाफ ने हरेश बालपांडे को इस सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनकी यह उपलब्धि आई.टी.आई. पांढुर्णा के अन्य प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने एवं राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करेगी।

यह सफलता कहानी इस बात का जीवंत उदाहरण है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर, तो कोई भी सपना दूर नहीं रहता। इसके अलावा छिन्दवाड़ा जिले से अनेक युवा है जो लोको पायलट में चयन हुए है जिसमें तरूण कुमार वर्मा निवासी उमरानाला शामिल है वर्तमान में छत्तीसगढ़ भिलाई में दो सप्ताह से ट्रेनिंग में हैं।

## सार-समाचार

### सांसद विवेक बंटी साहू के प्रयासों से 5 मरीजों को इलाज के लिए मिली 2.10 लाख की आर्थिक सहायता

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ पांच लोगों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्वेच्छानुदान निधि से दो लाख 10 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। सांसद श्री साहू के सहयोग से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को आर्थिक मदद दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद श्री साहू से संपर्क कर आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से स्वेच्छानुदान मद से सहायता भी उपलब्ध करा रहे है।



इसी सिलसिले में विगत दिनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का ईलाज कराने में असमर्थता जताते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी। उक्त आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर आर्थिक सहायता दिलाने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परासिया के वार्ड नंम्बर 07 निवासी रामकुमार पिता टेकचन्द सूर्यवंशी को 40 हजार, उमरेठ के नेहरू चौक निवासी बेबी माहम पिता इसराइल खान को 35 हजार, धगड़िया के वार्ड नंम्बर 14 निवासी तरूण पिता फूलवान शाह को 45 हजार, उपली हनोतिया के वार्ड नंम्बर 09 निवासी रामपुरी पति गोपाल इवनाती को 50 हजार एवं लोनिया करबल के वार्ड नंम्बर 40 निवासी रामकुमार पिता भुल्ला सोनेकर को 40 हजार की आर्थिक सहायता दी है।

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर बीमारी से पीड़ित मरीजों का अस्पताल में इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीजों और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

### पंखा के मुहाने को बंद करने वेकोलि जीएम को लिखा पत्र



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर परिषद न्यूटन की अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा हेमंत राय ने वेकोलि जीएम पेंच को एक पत्र लिखकर कहा है कि नगर परिषद चिखली के वार्ड क्रमांक 6 डब्ल्यू.सी.एल. की पुरानी खदान बंद है 11 नम्बर फीट के पंखा का मुहाना खुल गया है जिससे दुर्घटना घटित हो सकती है इसके लिए अध्यक्ष ने पत्र लिखकर जी एम से उचित कार्यवाही की मांग की है ताकि दुर्घटना न हो।

# अधिवक्ता संघ के दिनेश अध्यक्ष नरेन्द्र उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए




**सौसर, देशबन्धु।** सौसर अधिवक्ता संघ में वर्ष 2026-2028 के लिए अधिवक्ता संघ निर्वाचन सम्पन्न हुआ जिसमें एड. दिनेश भकने अध्यक्ष पद हेतु, एड. नरेन्द्र गजभिये उपाध्यक्ष पद हेतु, एड. अजय शेन्डे सचिव पद हेतु, एड. अशोक गांवडे ग्रथपाल प्रभारी हेतु निर्वाचित हुए तथा निर्विरोध एड. श्रीमती कविता फरकारे कोषध्यक्ष पद हेतु एवं एड श्रीमती दिपाली सिते सहसचिव चुनी गयी जिनका अधिवक्ता संघ के सदस्यो द्वारा गर्मजोशी से स्वागत कर बधाई प्रेषित कि गयी जिसमें एड. रविशंकर धुर्वे, एड सूर्यकांत ढोके, एड. नूरशेख, एड. नरेश कड़वे, एड. संदीप भकने, एड. गिरीश बोकड़े, एड. प्रयाग सिरसे, एड. वसंत इवनाती, एड. कृष्णा धुन्डे, एड. योगेश आम्बडारे, एड. चेतन गुर्वे, एड. विलास निकोसे, एड. सुरेन्द्र दुफारे, एड. भागवत राऊत, एड. अनिल पराडकर, एड. संदीप मेश्राम, एड. लक्षण सोमकुवर, एड. विनोद ढोके, एड. निलेश पार्खेकर, एड. अमोल जायस्वाल, एड. सुरेन्द्र वाघमारे, एड. हरीश बत्रा, एड. अमित दुकारे, एड. विद्याशील बागडे, एड. दिनेश बागडे, एड प्रदीप पराडकर, एड. श्रीमती रामशिला सूर्यवंशी, एड. सुनिल बरदे, मुख्य चुनाव अधिकारी एस.आर. बोढे, सहायक चुनाव अधिकारी एड. मोरेश्वर श्रीबन्धु, एड. विलास निकोसे द्वारा चुनाव सम्पन किया गया आभार प्रदर्शन एड. भूषण अढाऊ द्वारा किया गया।

# गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल रामाकोना में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस



**रामाकोना, देशबन्धु।** ग्राम रामाकोना के वार्ड नम्बर 17 दुर्गा कॉलोनी में स्थित स्वर्गीय रामभाऊ खंडाईत शिक्षण समिति रामाकोना द्वारा संचालित गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल रामाकोना में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी मातृ-पितृ पूजन करते हुए मातृ-पितृ पूज्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने शाला परिसर मे अपने अपने माता पिता का पूजन एवं आरती कर आशीर्वाद लिया।

गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूल रामाकोना के संचालक सदाशिव खंडाईत के मुख्यातिथ्य में तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती लक्ष्मी खंडाईत की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। सरस्वती वंदना के.जी. 1 के छात्र शौर्य श्याम ठाकरे द्वारा अपनी सुन्दर आवाज मे प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।

इस अवसर पर शाला के शिक्षिका श्रीमती सोनेकर एवं कीर्ति खंडाईत द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। इसके पूर्व में छात्र छात्राओं ने बैंड बाजे एवं पुष्पवर्षा के साथ आये हुए सभी पालकों का गर्मजोशी के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया जिसके बाद पालको मे काफी हर्ष देखने को मिला। संस्था के संचालक सदाशिव खंडाईत ने अपने उदबोधन में कहा की विगत सात वर्षो से केवल हमारे विद्यालय मे ही 14 फरवरी को मातृ पितृ पूज्य दिवस का आयोजन किया जाता है और इस वर्ष का आयोजन सभी छात्र/छात्राओं एवं पालको की उपस्थिती ने ऐतिहासिक बनाया गया।

14 फरवरी को जिसने जीवन दिया, उसे ही प्रेम का पहला अधिकार मिले इस उद्देश्य से प्रति वर्ष यह आयोजन शाला परिसर मे किया जाता है।

शाला की प्राचार्या लक्ष्मी खंडाईत ने अपने उदबोधन मे कहाँ की हम विद्यालय मे शिक्षा के साथ साथ बच्चे सुसंस्कारीत बने तथा हमारी प्राचीन संस्कृति के प्रति सजग रहे इस उदेश्य से ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसके पश्यात विद्यालय के छात्रों द्वारा अपने-अपने माता-पिता का पूजन कर आशीर्वाद लिया गया, मातृपितृ पूज्य दिवस के इस दिन पालकों ने भी अपनी बात रखते हुए शाला की तारीफ की एवं शाला परिवार के प्रति हर्ष व्यक्त किया।

कार्यक्रम में अध्यक्षीय भाषण लक्ष्मी खंडाईत तथा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सचिन बाविस्टाले द्वारा किया गया। इस अवसर सभी शिक्षक शिक्षिकाये पालकगण एवं छात्र-छात्राये उपस्थित थे।

**पालको की जवाबदेही तय करती बच्चों का भविष्य-** प्रत्येक विद्यालय मे छात्र छात्राओं के भविष्य का निर्माण उनके शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया जाता है लेकिन विद्यालय के अलावा पालको का कर्तव्य भी है की अपने बच्चों को सही मार्गदर्शन के साथ-साथ अनुशासीत वातावरण प्रदान करें ताकि जैसा-जैसा वातावरण घर मे बच्चे देखते है वैसे-वैसे बच्चे बनते है। इसीलिए विद्यालय के अलावा अधिक जवाबदेही पालको की है।

शाला प्रबंधन द्वारा पालको के लिए खेल का आयोजन भी किया गया था जिसमे कपल के लिए बेलैंसिंग रेस एवं तरह-तरह के खेलो का आयोजन किया गया था जिसके बाद जितने वाले पालकों को पुरुस्कार दिया गया।

# पातालेश्वरधाम से निकली भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात संतोषी माता मंदिर में शिव-पार्वती का हुआ अलौकिक मिलन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शहर में श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री पातालेश्वर धाम से जय भोले जी सरकार सेवा समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें भक्ति के साथ-साथ शिव गणों की जीवंत झांकियों ने शहरवासियों का मन मोह लिया।



## देव, दानव और भूत-प्रेत बने बाराती

पातालेश्वर धाम से शुरू हुई इस बारात में भगवान शिव के स्वरूप के साथ-साथ देव, दानव, गंधर्व, अप्सराएं और भूत-प्रेतों की टोलियां शामिल थीं। हाथी-घोड़ों और बैंड-बाजों की गूंज के साथ निकली इस बारात में शिवभक्त जमकर थिरके। बारात शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और प्रमुख मंदिरों से होती हुई चारफाटक स्थित श्री संतोषी माता मंदिर पहुंची।

## संतोषी माता मंदिर में हुआ भव्य मिलन

बारात के चारफाटक पहुंचने पर हर-हर महादेव सेवा भगत समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यहां श्री संतोषी माता मंदिर में भगवान भोलेनाथ और माता रानी का दिव्य मिलन संपन्न हुआ। आतिशबाजी की गूंज और पुष्पवर्षा के बीच शिव-पार्वती विवाह की रस्में पूरी की गईं। इसके पश्चात माता रानी की डोली को बारात के साथ विदा किया गया, जो वापस पातालेश्वर धाम पहुंची।

## भक्तों का उत्साह और भव्य स्वागत

पूरी बारात के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा मंच लगाकर बारात का स्वागत किया गया और भगवान भोलेनाथ का विधि.विधान से पूजन किया गया। इस अवसर पर युवा शक्ति बारात में युवाओं का विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरुष, बच्चे और मातृशक्ति इस धार्मिक आयोजन की साक्षी बनी। बारात के चारफाटक क्षेत्र में पहुंचने पर भव्य आतिशबाजी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया है और आज महाशिरात्रि पर्व पर भी सहयोग की अपेक्षा की है।

### कमलनाथ व नकुलनाथ ने दी महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाऐं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने नगर व जिलेवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। नेताद्वय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि भगवान शिव का सबसे बड़ा पर्व महाशिवरात्रि है इस पर्व को शिव व शक्ति के मिलन का प्रतीक माना जाता है। कमलनाथ व नकुलनाथ ने नगर, जिले व प्रदेश एवं देशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी है।

# वेयर हाउस से सवा तीन लाख का गेहूं चुराने वालों को कुंडीपुरा पुलिस ने पकड़ा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कृष्णा वेयर हाउस से गेहूं चुराने वाले दो आरोपियों को कुंडीपुरा पुलिस ने हिरासत में लिया है। कृष्णा वेयर हाउस के सुपरवाईजर प्रार्थी मोहम्मद एनुल अंसारी पिता अब्दुल हबीब अंसारी निवासी सुकलूढाना ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत 03 फरवरी की रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा कृष्णा वेयर हाउस से 123 क्विटंल गेहूँ कीमत लगभग 3 लाख 33 हजार रूपये चोरी हुआ है। रिपोर्ट पर थाना कुण्डीपुरा में धारा 331(4), 305, एन.एन.एस. एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया जाकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।



छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय एवं अति. पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्ग दर्शन में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु थाना प्रभारी उप निरी. महेन्द्र भगत द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित की। टीम द्वारा तत्पर्यता पूर्वक विवेचना कर घटना स्थल के आस-पास के सभी सी.सी.टी.व्ही. कैमरे चेक कर तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना स्थल का से प्राप्त डाटा का विश्लेषण कर संदेहियों से पूछताछ की गई जिनके द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। आरोपी संतलाल भलावी एवं दीपक परतेती से पूछताछ उपरान्त चोरी गया मशरूका- 205 गेहूँ की बोरी कीमती लगभग- 333000/- रूपये की बरामद की जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय छिंदवाड़ा में पेश कर जेल भेजा गया है। इस चोरी को पकड़ने में महेन्द्र भगत थाना प्रभारी कुण्डीपुरा, सहायक उपनिरीक्षक मनोज रघुवंशी, प्रधान आरक्षक रविन्द्र ठाकुर, विनोद राजपूत, मुरलीमनोहर, आरक्षक- जीवन रघुवंशी, दुर्गा बरकड़े, गजानंद मर्रापे, सायबर सेल के नितिन सिंह, अभिषेक ठाकुर की विशेष भूमिका रही ।